दिनांक– 06/08/2024
समयः 2.10पीएम
आकाशवाणी भोपाल

लोकसभा–पीएम किसान

केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को अब तक 3 लाख 24 हजार करोड़ रुपये वितरित किए हैं। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब तक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लाभार्थियों को 17 किस्तें जारी की जा चुकी हैं। पीएम–किसान योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ तीन समान किस्तों में दिया जाता है।

इंटर एक्टिव सत्र–बंगलुरु

प्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल 7 और 8 अगस्त को बेंगलुरू में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। यहाँ सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन, कपड़ा, एयरोस्पेस, रक्षा, ऑटोमोबाइल और हेल्थकेयर संबंधी उद्योगों के प्रदेश में निवेश पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। इस तरह के इंटर एक्टिव सत्र मुंबई और कोयंबटूर में भी आयोजित किये जा चुके हैं।

उद्यमी सम्मेलन–देवास

एमएसएमई विभाग के सहयोग से लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश द्वारा आज शाम देवास में अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सम्मेलन में महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2024 भी आयोजित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस समागम में 3000 से अधिक उद्यमी भाग ले रहे है, जिसमें लगभग 300 से ज्यादा अन्य प्रदेशों के है। सम्मेलन में 100 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे। सम्मेलन में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप और सह सरकार्यवाह आर.एस.एस. डॉ. कृष्ण गोपाल भी शामिल होंगे।

मौसम

प्रदेश में अब भारी बारिश का दौर अगले एक सप्ताह थमा रहेगा। मानसून ट्रफ के प्रदेश से ऊपर निकलने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर होने से ऐसा होगा। अब तक प्रदेश में औसत 24.4 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 65 प्रतिशत है। भोपाल, मंडला, सिवनी, नर्मदापुरम सहित 7 जिले ऐसे हैं, जहां पर 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 36.67 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। हालांकि प्रदेश में गरज–चमक की

गतिविधि बनी रहेगी। इससे आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के मामले बढ़े रहेंगे। इसलिए बिजली चमकने के दौरान लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश का दौर चल रहा है। इससे प्रदेश के डैम–तालाबों में पानी छलक उठा तो नदियां भी उफान पर रही। कल भी बारिश से छोटी–बड़ी नदियां उफान पर रही। बरगी, बाणसागर, कलियासोत, भदभदा जैसे 10 बड़े बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। जबलपुर में बरगी बांध 94 प्रतिशत भर गया है। 17 गेट से पानी छोड़ा गया। शिवपुरी जिले में दो दिन से जारी वर्षा से कई क्षेत्र प्रभावित हुए हैं।

पेरिस ओलिंपिक

पेरिस ओलिंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती प्रतिस्पर्द्धाओं में उतरेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम का सामना आज सेमीफाईनल में विश्व चैंपियन जर्मनी से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढे दस बजे शुरू होगा। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना आज जैवलिन थ्रो के क्वालिफिकेशन राउंड से अपना अभियान शुरू कर रहे हैं।

भारतीय प्रतिभाएं आज कुश्ती और टेबल टेनिस में भी अपने प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगी।

कुश्ती में एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल स्पर्धा में होंगी। वहीं टेबल टेनिस की टीम स्पर्धा में भारत के शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर चीन के शीर्ष खिलाड़ियों का मुकाबला करेंगे। महिलाओं की चार सौ मीटर दौड़ में भारत की किरण पहल रीपचेज राउंड में ट्रैक पर होंगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में स्थित प्रदेश के प्रसिद्व पर्यटन स्थल पचमढ़ी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां 9 अगस्त को नागपंचमी पर्व पर और अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आगरमालवा जिले में टोपोलॉजी टायलेट का सर्वे 15 अगस्त से होगा । जो 20 अगस्त तक चलेगा। कल हुई बैठक में अपशिष्ट प्रबंधन के लिये शहरी एवं ग्रामीण अभिसरण करने पर भी चर्चा हुई।

- बैतूल जिला अस्पताल में कलेक्टर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ–सफाई सहित अन्य जरुरी निर्देश दिए।